भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1787**

जिसका उत्तर 05.12.2024 को दिया जाना है

**कलबुर्गी में लंबित सड़क उपरिपुल**

1787. श्री राधाकृष्णः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कलबुर्गी में लंबित सड़क उपरिपुलों (आरओबी) का ब्यौरा क्या है और ये कितने समय से लंबित हैं और उनकी वर्तमान स्थिति/पूरा होने की समय-सीमा/विलंब के कारण/आबंटित निधियों और उपयोग में लाई गई निधियों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) इस क्षेत्र में सभी लंबित/विलंबित परियोजनाओं को समय पर पूरा किया जाना सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में वाडी (एनएच 150 के किमी 40.134) पर शेष पहुंच कार्य सहित 4 लेन सड़क ऊपरि पुल (आरओबी) के निर्माण कार्य को दिनांक 03.12.2024 को 87.64 करोड़ रुपये की राशि के साथ मंजूरी दे दी गई है।

(ख) क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए भूमि अर्जन एवं वन मंजूरी को सुव्यवस्थित करना और इनमें तेजी लाना, अन्य हितधारकों के साथ घनिष्ठ समन्वयन, विवाद समाधान तंत्र को दुरूस्त बनाना, रियायतग्राहियों/संविदाकारों, राज्य सरकारों के साथ विभिन्न स्तरों पर लगातार समीक्षा बैठकें करना आदि जैसे विभिन्न कदम उठाए गए हैं।

*****